कोटद्वार, बुधवार
19 नवम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 185 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### 21 नवंबर को रहेगा स्थानीय अवकाश

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वर जी की उत्सव डोली के आगमन एवं दर्शनार्थ हेतु आगामी शुक्रवार (21 नवंबर) को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक अवकाशों की अनुसूची में मैनुअल ऑफ गवर्नमेंट आड्र्स 1981 संस्करण पैरा-247 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार आगामी 21 नवंबर (शुक्रवार) को एक दिवसीय स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

### मंगलौर में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

रुड़की। नाथूखेडी गांव के मंगलवार शाम मुंडलाना के जंगल में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा ट्रैक्टर को सड़क से खेत में उतारते के दौरान हुआ। मंगलवार की शाम नाथूखेडी गांव निवासी 21 वर्षीय रणवीर अपने खेत का काम निपटाने के लिए मुंडलाना के जंगल क्षेत्र में पहुंचा था। रणवीर अपने ट्रैक्टर को सड़क से खेत की ओर उतार रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे की ढलान पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से रणवीर उसके नीचे दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। नजदीकी खेतों में काम कर रहे कुछ किसानों ने रणवीर को बाहर निकालने की कोशिश की। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रुडकी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। दुर्घटना से परिवार व गांव में मातम छाया हुआ है।

### ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े छह लाख की ठगी

रुद्रपुर। रुद्रपुर में एक युवक से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। इसमें मुनाफे का झांसा देकर करीब साढ़े छह लाख की ठगी हो गई। जानकारी के मुताबिक, रुद्रपुर निवासी एक युवक ने बताया कि दो महीने पहले फेसबुक पर एक लिंक मिला, जिसे खोलते ही वह एक कथित व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। ग्रुप में लगभग 90 लोग थे, जो रोजाना शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट साझा करते थे। खुद को आईआईएफसीएस कंपनी का कर्मचारी बताने वाले ठगों ने युवक को प्रीआरई आईपीओ और ब्लॉक ट्रेड में अधिक मुनाफे का लालच दिया। युवक के मुताबिक, शुरू में शेयर रेट वास्तविक कंपनियों से मेल खाते दिखे, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। बाद में ठगों ने उसे अलग–अलग बैंक खातों में रकम भेजने को कहा। 14 से 30 अक्तूबर के बीच युवक ने अपनी और पत्नी के खातों से कुल 6 लाख 47 हजार 600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। प्रत्येक निवेश के बाद पोर्टल पर नकली मुनाफा दिखाया गया और अधिक लाभ के लिए बड़े निवेश का दबाव बनाया गया। कुछ दिन बाद युवक को पता चला कि पूरा पोर्टल और कंपनी प्रतिनिधि फर्जी थे। युवक ने साइबर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### सिडकुल से दो नाबालिग लड़कियां लापता, हड़कंप

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से दो नाबालिग लड़कियां रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गईं। कई घंटे की तलाश के बाद भी परिजन दोनों का सुराग नहीं लगा पाए। मंगलवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। एसओ नितेश शर्मा के मुताबिक एक पिता ने शिकायत कर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री अपनी सहेली के साथ शनिवार को बिना बताए घर से निकल गई। देर शाम तक वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। दोनों नाबालिग हैं।

# शीतकाल के लिए बंद हुए द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट

### श्री मद्महेश्वर जी की चलविग्रह उत्सव डोली का 21 नवंबर को ऊखीमठ में होगा स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वर जी के कपाट मंगलवार प्रातः 8 बजे शीतकाल हेतु मार्गशीर्ष कृष्ण चतुर्दशी स्वाति नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में बंद हो गये है। सोमवार से ही मंदिर को फूलों से सजाया गया था। इस अवसर पर साढ़े तीन सौ से अधिक श्रद्धालु, बीकेटीसी कर्मचारी अधिकारी, वन विभाग एवं प्रशासन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि 19 नवंबर बुधवार को भगवान मदमहेश्वर जी की चल विग्रह उत्सव डोली राकेश्वरी मंदिर रांसी, 20 नवंबर गुरुवार को गिरिया प्रवास करेगी तथा 21 नवंबर शुक्रवार को चल विग्रह डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। बताया कि श्री मदमहेश्वर जी की चल विग्रह डोली के स्वागत हेतु श्री



ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में तैयारियां शुरू हो गयी हैं।

कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर खुला श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। पूजा-अर्चना अर्चना के बाद सात बजे से कपाट बंद ही प्रक्रिया शुरू हुई। इसके पश्चात पुजारी शिवलिंग ने बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी/कार्यपालक मजिस्ट्रेट विजय प्रसाद थपलियाल, बीकेटीसी सदस्य प्रह्लाद पुष्पवान एवं पंच गौंडारी हकहकूकधारियों की उपस्थिति में श्री मदमहेश्वर जी के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। स्थानीय पुष्पों एवं राख से ढ़का इसके बाद प्रातः आठ सात बजे मंदिर के कपाट श्री मदमहेश्वर जी के जय घोष के साथ शीत काल हेतु बंद हो गये। कपाट बंद होने के बाद श्री मदमहेश्वर जी की चल विग्रह डोली ने अपने भंडार का निरीक्षण तथा मंदिर की परिक्रमा पश्चात ढ़ोल-दमाऊं के साथ प्रथम पड़ाव गौंडार हेतु प्रस्थान किया। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने श्रद्धालुओं से अपील की है मंदिरों के कपाट बंद होने पर शीतकालीन तीर्थस्थलों में दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित करें। वहीं बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती एवं उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण ने श्री मदमहेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने पर बधाई दी है। मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने द्वितीय केदार मदमहेश्वर से बताया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच इस यात्रा वर्ष द्वितीय केदार मदमहेश्वर में बाईस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

### पिकअप वाहन खाई में गिरा चालक की मौत, हेल्पर गंभीर घायल

विकासनगर। दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे पर हथियारी के पास पिकअप वाहन पैराफिट तोड़कर 150 मीटर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में विकासनगर निवासी पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उत्तरप्रदेश के बाराबंकी निवासी हेल्पर घायल हो गया। एसडीआरएफ ने दोनों को खाई से निकाला। घायल को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय विकासनगर में भर्ती किया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि मंगलवार को एक पिकअप वाहन टैंट का सामान लेकर उत्तरकाशी के डामटा से विकासनगर की ओर आ रहा था। सुबह करीब पांच बजे दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे पर हथियारी के पास चालक ने स्टीयेरिंग से नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसडीआरएफ यूनिट प्रभारी सुरेश तोमर टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने वाहन सवार दोनों लोगों को खाई से बाहर निकाला। घायल को 108 आपातकालीन वाहन के माध्यम विकासनगर अस्पताल लाया गया।

## खाई में गिरा डंपर, चालक की मौत, दो लोग घायल



**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नजीबाबाद-बुवाखाल राष्ट्रीय राजमार्ग सतपुली गुमखाल के बीच मंगलवार शाम करीब चार बजे कुल्हाड बैंड के पास सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रहे शिवालिक कंपनी का डंपर दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर नीचे खाई में गिर गया। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को हंस फाउंडेशन हास्पिटल सतपुली में भर्ती कराया गया है।

एएसआई सोहनलाल टम्टा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू किया गया। बताया कि हादसे में चालक बाबी (48) पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम अध्याना नकुड सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) की मौके पर मौत हो गई। वहीं घायलों को खाई से बाहर निकाल कर उपचार के लिए सतपुली हंस फाउंडेशन हास्पिटल भिजवाया गया। बताया कि घायलों की पहचान शिव कुमार पुत्र संजीव कुमार और सूरज पुत्र जादवीर निवासी यमुनानगर हरियाणा के रूप में हुई है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नवाब मलिक को बड़ा झटका

## कोर्ट ने डिस्चार्ज याचिका खारिज की

मुंबई ,महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा झटका लगा है। पीएमएलए की एक विशेष अदालत ने मलिक और उनकी कंपनी की ओर से दायर डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया है कि 18 नवंबर को आरोप तय करने की प्रक्रिया के दौरान सभी आरोपी कोर्ट में मौजूद रहें। इस फैसले के बाद नवाब मलिक को मंगलवार को कोर्ट में पेश होना है। मलिक की कंपनी 'मलिक इन्फ्रास्ट्रक्चरझ् की ओर से डिस्चार्ज याचिका दायर की गई थी। कंपनी की ओर से कहा गया कि ईडी का पूरा मामला अंदाजों और अनुमान पर आधारित है, क्योंकि जिस समय कथित अवैध सौदा हुआ, उस समय कंपनी का अस्तित्व ही नहीं था। कोर्ट ने कंपनी की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि मामले में पर्याप्त प्राथमिक सबूत मौजूद हैं। कोर्ट ने कहा कि शुरुआती जांच से यह स्पष्ट होता है कि नवाब मलिक ने डी–कंपनी से जुड़ी हसीना पारकर, सलीम पटेल और



आरोपी सरदार खान के साथ मिलकर कुर्ला स्थित एक कीमती प्लॉट को अवैध रूप से कब्जे में लिया और फिर उसे मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए वैध बनाने की कोशिश की। इस प्लॉट में 16 करोड़ रुपए की अपराध से अर्जित धन शामिल बताया गया है। पूर्व मंत्री ने कोर्ट से यह प्रक्रिया 6 हफ्ते तक टालने की गुहार लगाई थी। उनका कहना था कि बॉम्बे हाई कोर्ट में उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई होनी है, इसलिए फैसला आने तक निचली अदालत को इंतजार करना चाहिए। उनके वकील तारक सैयद का दावा है कि ईडी ने कई ऐसे दस्तावेज कोर्ट में पेश नहीं किए हैं जो आरोपी के पक्ष में हैं। उनका कहना था कि यदि सभी दस्तावेज पेश किए जाएं तो आरोप तय करने की स्थिति ही नहीं बनती।

हालांकि, स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर सुनील गोंसाल्वेस ने कहा कि हाई कोर्ट ने इस मामले पर कोई स्टे नहीं दिया है, इसलिए निचली अदालत की सुनवाई रोकी नहीं जा सकती। कोर्ट ने ईडी की दलीलें मानते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों का त्वरित निपटारा अनिवार्य है। ऐसे में कोर्ट स्वयं से मामला स्थगित नहीं कर सकती। इस आधार पर नवाब मलिक की मांग खारिज कर दी गई। बता दें कि ईडी ने नवाब मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि उन्होंने दाउद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर की मदद से मुंबई के कुर्ला में लगभग तीन एकड़ की जमीन को गलत तरीके से कब्जे में लिया।

### जदयू की 85 सीटों पर प्रशांत किशोर का –यू–टर्न , संन्यास की बात से पलटे

पटना ,बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी छ्ष्ठ के 25 से ज्यादा सीटें जीतने पर राजनीति से संन्यास लेने की बात कहने वाले जन सुराज पार्टी (छ्स्क्र) के सुप्रीमो प्रशांत किशोर अपने बयान से पलट गए हैं। चुनाव नतीजों में छ्ष्ठ को 85 और जन सुराज को 0 सीटें मिलने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए 'पीकेझ् ने कहा कि वह जन सुराज में किसी पद पर नहीं हैं, जिससे वह इस्तीफा दे दें। चुनावी रणनीतिकार के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने यह नहीं प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत का ठीकरा नीतीश कुमार की एक योजना पर फोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाझ् के तहत चुनाव से पहले 10 हजार रुपये नकद देकर नीतीश ने पैसे देकर वोट खरीदे हैं। पीके ने अपनी पिछली बात से पलटते हुए अब एक नई चुनौती दे डाली है। उन्होंने कहा, गर योजना के प्रावधान के तहत 6 महीने के बाद सरकार उन महिलाओं को (वादे के मुताबिक) 2–2 लाख रुपये दे देती है, तो वो राजनीति और बिहार, दोनों छोड़ देंगे।

## बुनियादी ढांचे के निर्माण में इंजीनियरों का योगदान महत्वपूर्ण : महाराज

देहरादून। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए डिप्लोमा इंजीनियरों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उक्त बात प्रदेश पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को अधिकारी क्लब, यमुना कॉलोनी में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड के दो दिवसीय नवम् महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, स्कूल, अस्पताल, और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण और विकास डिप्लोमा इंजीनियरों के बिना संभव नहीं है। वे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित ऐसी बसावटें, जिनकी जनसंख्या 250 तक है एवं जो मोटर मार्ग संयोजन से वंचित हैं, अथवा



250 से अधिक जनसंख्या वाली ऐसी बसावटें जो मुख्य मोटर मार्ग से 1.50 कि.मी. की पैदल दूरी के अंतर्गत होने के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के मानकों के अनुसार संयोजित मानी गई थीं, ऐसे सभी अवशेष बसावटों को मोटर मार्ग से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा श्मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनाष् प्रारम्भ की गई। इस योजना के क्रियवयनयन की जिम्मेदारी भी ग्रामीण निर्माण विभाग के इंजीनियर्स को दी गई है। मैं यह भी आशा करता हूँ आप लोग अपनी जिम्मेदारियां का भली–भांति निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। महाराज ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की जो मांगे उन पर गंभीरता से विचार कर निराकरण का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सरकार ग्रामीण विकास के क्षेत्र में डिप्लोमा इंजीनियरों की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण और उपयोगी बनाने के लिए उन्हें आवश्यक संसाधन और समर्थन प्रदान करेगी।

## पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए : धामी

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क सुरक्षा परिषद की ली बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि राज्य में दुर्घटना प्रभावित लोगों को आयुष्मान योजना के अलावा अन्य अस्पतालों में भी कैशलेस उपचार के लिए परिवहन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्ताव बनाया जाए। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उन्होंने और प्रभावी प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चौकिंग की जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन ओवरलोडिंग न हो। यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए



आधुनिक संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस अड्डों पर नियमित स्वच्छता और सुरक्षा से संबंधित अभियान चलाये जाएं। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमित कार्रवाई की जाए। सड़क दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि अतिवृष्टि से प्रभावित ऐसे क्षेत्रों जहां भीड़-भाड़ और अधिक आवागमन होता है, वहां सड़कों के मरम्मत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाए। रोड सेफ्टी के लिए जनपदों में जो अच्छी पहल हुई है, उनको बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में लिया जाए। मुख्यमंत्री ने एआई और तकनीक आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर ध्यान दिए जाने के साथ ही सभी जनपदों में ट्रैफिक सिस्टम को ऑटोमेटेड मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। दुर्घटनाओं से बचाव और त्वरित सहायता के लिए जनमानस को प्रशिक्षित करने के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग प्रोग्राम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय मार्गों पर क्रैश बैरियर की स्थापना और अनुरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। गाड़ियों के रूकने की व्यवस्था ऐसे स्थानों पर की जाए, जहां आस-पास में लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके लिए परिवहन एवं पर्यटन विभाग आपस समन्वय बनाकर योजना बनाएं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव शैलेश बगोली, बृजेश कुमार संत, वी षणमुगम, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी. मुरूगेशन, आईजी राजीव स्वरूप, आयुक्त परिवहन श्रीमती रीना जोशी, अपर सचिव विनीत कुमार, रोहित मीणा और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बिहार में शपथग्रहण से पहले बीजेपी–जदयू में खींचतान

पटना ,बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी बीच यह जानकारी सामने आई है कि विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा और जदयू के बीच मतभेद बना हुआ है। दोनों ही दल इस पद पर अपना दावा ठोक रहे हैं। इस मुद्दे पर बातचीत के लिए जदयू नेता संजय झा और ललन सिंह दिल्ली पहुंचे हैं। गृह विभाग को लेकर भी दोनों दलों के बीच असहमति है, जबकि वित्त विभाग पर भी जदयू और भाजपा दोनों अपनी दावेदारी जता रहे हैं। शपथ ग्रहण से पहले दिल्ली में इन विवादों को सुलझाने की कोशिश की जा रही है।

पटना के गांधी मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें पीएम मोदी समेत कई एनडीए–शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। शपथ ग्रहण का संभावित दिन 20 नवंबर बताया जा रहा है। नीतीश कुमार इसी दिन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### दिल्ली में हाई अलर्ट : 2

## सीआरपीएफ स्कूलों और 2 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली ,दिल्ली में मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो स्कूलों और दो जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई, जिसमें आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद का नाम होने की बात सामने आई है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने मोर्चा संभाला, हालांकि जांच में कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक, यह धमकी भरे ईमेल मंगलवार को द्वारका स्थित स्कूल को भेजे गए। इसी ईमेल में साकेत कोर्ट और रोहिणी कोर्ट परिसर को भी निशाना बनाने की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, अधिकारियों, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीमें तुरंत सभी



चारों लोकेशनों पर पहुंचीं। एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली कराया गया और पूरे परिसर की सघन तलाशी ली गई। पुलिस ने बताया कि दोनों स्कूलों की विस्तृत जांच के दौरान किसी भी तरह की विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## आतंकी डॉ. उमर का धमाके से पहले का वीडियो सामने आया

### एनआईए को ड्रोन हमले की साजिश के सबूत मिले

नई दिल्ली ,दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए आत्मघाती धमाके से पहले आतंकी डॉ. उमर का एक नया वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह वीडियो उमर ने ब्लास्ट से ठीक पहले रिकॉर्ड किया था। इसमें वह खुद को शहीद होने के मिशन पर जाने वाला बता रहा है और यह दावा करता दिखाई देता है कि यह सुसाइड अटैक नहीं, मार्टरडम ऑपरेशन था। वीडियो के आधार पर एजेंसियों को शक है कि उमर लंबे समय से फिदायीन हमला



करने की योजना बना रहा था। 10 नवंबर को लाल किले के पास ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी हुंडई द्व20 कार में उमर ने विस्फोट किया था। धमाके में 15 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। अब तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें 6 डॉक्टर शामिल हैं। जांच एजेंसियां इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों और तकनीकी सपोर्ट नेटवर्क की पहचान में जुटी हैं। रात जांच में बड़ा खुलासा हुआ। बताया कि यह वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल हमले को हमास की तर्ज पर ड्रोन और रॉकेट से अंजाम देना चाहता था। यह जानकारी उमर के सहयोगी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश की गिरफ्तारी के बाद मिली। दानिश काजीगुंड (अनंतनाग) का निवासी है और छोटे ड्रोन तथा हथियारों को मॉडिफाई करने में तकनीकी विशेषज्ञता रखता है।

### यूपी में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस पलटने से 3 की मौत, कई घायल

लखनऊ/कानपुर ,उत्तर प्रदेश में मंगलवार को आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दिल्ली से बिहार जा रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। इस घटना पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। मृतकों पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों को तुरंत इलाज के लिए आदेशित किया है। सड़क हादसे पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि छह घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी बिल्हौर से डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि चार यात्री वहीं भर्ती हैं। करीब 15 गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। तीन मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उनकी शिनाख्त की जा रही है।

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

## मोस्ट वांटेड नक्सली हिड़मा छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर ढेर, एनकाउंटर में 5 साथी गिराए

नई दिल्ली ,नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। कुख्यात नक्सली माड़वी हिड़मा सहित 6 नक्सली आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीताराम जिले के पास हुई मुठभेड़ में मारे गए। वहीं सुकमा में भी एक नक्सली ढेर किया गया।

पुलिस के अनुसार यह मुठभेड़ आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित जंगलों में हुई, जहां नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। सुबह से ही दोनों पक्षों के बीच कई घंटों तक फायरिंग चली। अल्लुरी सीताराम जिले के एसपी अमित बरदार ने बताया कि सुबह करीब



6:30 बजे मारेडुमिल्ली मंडल के जंगलों में ऑपरेशन शुरू हुआ। अब तक 6 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। माड़वी हिड़मा को सबसे खतरनाक नक्सलियों में माना जाता था। वह 26 बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड रहा और उस पर 50 लाख रुपये का इनाम था। एनकाउंटर में उसकी पत्नी राजे की भी मौत हो गई। 1981 में सुकमा में जन्मा हिड़मा, गुरिल्ला बटालियन का नेतृत्व करने के बाद सीपीआई–माओवादी की केंद्रीय कमेटी का सदस्य बना था। झीरम घाटी हमले के बाद उसका नाम प्रमुखता से सामने आया था।

## सम्पादकीय

# नौकरी की आस में धोखा

उत्तराखंड में युवाओं के साथ ठगी का एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसने राज्य में रोजगार के लिए तरसते युवाओं की व्यथा को तो उजागर किया है साथ ही यह भी दिखाया है कि अपनी जमा पूंजी लगाकर भी युवा रोजगार प्राप्त करने के हथकंडे अपना रहे हैं और ऐसे ही युवाओं के प्रयासों को बुलाने का प्रयास शातिर दिमाग के लोग कर रहे हैं। राजधानी पुलिस ने पहाड़ के युवाओं को विदेश में नौकरी लगाने का झांसा देकर उनसे ठगी करने के दस अलग–अलग प्रकरणों में लगभग 48 लाख रुपए की ठगी का मामला उजागर किया है जिसमें युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ करते हुए अलग–अलग लोगों ने अपनी जेब भर ली। यह युवाओं की व्यवस्था कहे या फिर व्यथा लेकिन रोजगार के लिए हाथ पैर मारने के अलावा विदेश जाने का सपना भी ठगी का शिकार बन गया। ठगों द्वारा उन्नीस युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर लुभावने सपने दिखाए गए लेकिन सपने हकीकत तक कभी पहुंचे ही नहीं। न जाने यह अपराधी कब पुलिस की पकड़ में आएंगे और एक सवाल यह भी है कि यदि पकड़े भी जाते हैं तो क्या प्रभावित युवाओं को उनके लाखों की रकम वापस कराई जा सकेगी? ऐसे ना जाने कितने ही अनगिनत मामले दैनिक तौर पर सामने आते हैं लेकिन तमाम प्रकरण होने के बावजूद भी युवा ठगों के गिरफ्त में पड़ ही जाते हैं। बेहतर है कि विदेश में नौकरी करने से पहले सभी दस्तावेजों एवं एजेंसी की गुणवत्ता पर फोकस किया जाए। युवा वर्ग से अपील विदेश में नौकरी या पढाई हेतु जाने के लिये भारत सरकार द्वारा अधिकृत फर्म/एजेन्सी से ही करें सम्पर्क, फर्म /एजेन्सी द्वारा नौकरी अथवा विदेश भेजने हेतु उपलब्ध कराये गये समस्त दस्तावेजों को अवश्य कराये वैरीफाई, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित एजेंसियों/ फमी की जानकारी हेतु विदेश मंत्रालय के अधिकृत पोर्टल पर संपर्क किया जय। नौकरी के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को एजेंसी/फर्म से आपके द्वारा संपर्क किया जाता है, उस एजेंसी या फर्म के अधिकृत होने के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए, इसके लिये भारत सरकार की वैबसाइट पर जाकर फर्म की वैधता की जांच जरूर कर लेनी चाहिए।इसके अलावा विदेश में जिस संस्थान पर नौकरी उपलब्ध कराए जाने संबंधी जॉब लैटर अथवा अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं, उक्त संस्थान से मेल अथवा अन्य माध्यमो से संपर्क कर जॉब संबंधित समस्त जानकारियों को जानना जमा पूंजी बचा सकता है।

# आंखों में जलन है, गले में खराश है, सीने में तूफान

**अजीत द्विवेदी**

हर साल नवंबर, दिसंबर में दिल्ली में हिंदी फिल्मों का यह गाना खूब चर्चा में रहता है कि 'आंखों में जलन, सीने में तूफान सा क्यूं है, इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यूं हैइ। इस साल भी ऐसा ही है। आंखों में जलन है, गले में खराश है, सीने में तूफान सा है, अस्पतालों में सांस के मरीजों की संख्या बढ़ रही है लेकिन फर्क यह है कि इस बार सरकार के आंकड़े बता रहे हैं कि हवा की गुणवत्ता ज्यादा खराब नहीं हुई है। दिल्ली में नंगी आंखों से हवा प्रदूषित दिख रही है और लोग उसे महसूस कर रहे हैं। यह साफ दिख रहा है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 'गंभीर श्रेणी में है या चार सौ से कम नहीं है।लेकिन सरकार कह रही है कि एक्यूआई पहले 'बेहद खराब श्रेणीइ में थी लेकिन अब सुधार हुआ है और अब वह 'खराब श्रेणीइ में आ गई है। इसका मतलब है कि एक्यूआई तीन से आसपास थी, जो अब दो सौ या उससे नीचे आ गई है। वास्तविकता और आंकड़ों का यह फर्क इसलिए आया दिख रहा है क्योंकि दिल्ली में अब भाजपा की सरकार है। 27 साल के बाद सत्ता में लौटी भाजपा की सरकार यह साबित करने में लगी है कि उसने नौ महीने के ही अपने राज में हवा की गुणवत्ता सुधार दी है।हालांकि दिल्ली सरकार अपनी पोल खुद ही खोल रही है। एक तरफ उसकी एजेंसियां कह रही हैं कि वायु गुणवत्ता में कभी भी बहुत ज्यादा खराबी नहीं आई है। उसने 'खराब श्रेणीइ का दावा किया है और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप का पहला चरण लागू किया है। लेकिन दूसरी ओर सरकार खुद ही ऐसे उपायों को लागू कर रही है, जो प्रदूषण बढ़ने पर ग्रैप के दूसरे चरण में लागू किए जाते हैं। मिसाल के तौर पर दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले नगर निगम ने बुधवार, 29 अक्टूबर को पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया। ग्रैप का दूसरा चरण लागू करने पर यह किया जाता है।

इसी तरह दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने अपने फेरे 30 फीसदी बढ़ाने का ऐलान कर दिया। प्रदूषण बढ़ने पर ही सार्वजनिक परिवहन की सेवाओं में बढ़ोतरी की जाती है। ऐसे ही एक नवंबर से बीएस छह से नीचे के व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश रोकने की घोषणा कर दी गई है। सो, सरकार ऐसे उपाय कर रही है, जिससे लग रहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा है लेकिन दूसरी ओर वह इस बात को स्वीकार करने के लिए राजी नहीं है। उलटे ऐसे आंकड़े पेश कर रही है, जिससे लग रहा है कि दिल्ली में सब कुछ ठीक है।इसी तरह दिल्ली सरकार ने कृत्रिम बारिश कराने का भी प्रयास किया। आईआईटी कानपुर के साथ मिल कर इसके दो ट्रायल हुए। हालांकि सरकार और आईआईटी दोनों को पता था कि हवा में नमी 10 फीसदी से ज्यादा नहीं है और 50 फीसदी से कम नमी होने पर क्लाउड सीडिंग काम नहीं करता है। फिर भी करीब दो करोड़ रुपए खर्च करके क्लाउड सीडिंग की गई। इसका कोई लाभ नहीं हुआ क्योंकि बारिश नहीं हुई। तब सरकार ने यह दावा शुरू कर दिया कि बारिश भले नहीं हुई है लेकिन इससे वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिली है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि हवा में

**दिल्ली सरकार अपनी पोल खुद ही खोल रही है। एक तरफ उसकी एजेंसियां कह रही हैं कि वायु गुणवत्ता में कभी भी बहुत ज्यादा खराबी नहीं आई है। उसने 'खराब श्रेणीइ का दावा किया है और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप का पहला चरण लागू किया है। लेकिन दूसरी ओर सरकार खुद ही ऐसे उपायों को लागू कर रही है, जो प्रदूषण बढ़ने पर ग्रैप के दूसरे चरण में लागू किए जाते हैं। मिसाल के तौर पर दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले नगर निगम ने बुधवार, 29 अक्टूबर को पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया। ग्रैप का दूसरा चरण लागू करने पर यह किया जाता है। इसी तरह दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने अपने फेरे 30 फीसदी बढ़ाने का ऐलान कर दिया। प्रदूषण बढ़ने पर ही सार्वजनिक परिवहन की सेवाओं में बढ़ोतरी की जाती है। ऐसे ही एक नवंबर से बीएस छह से नीचे के व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश रोकने की घोषणा कर दी गई है। सो, सरकार ऐसे उपाय कर रही है, जिससे लग रहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा है लेकिन दूसरी ओर वह इस बात को स्वीकार करने के लिए राजी नहीं है। उलटे ऐसे आंकड़े पेश कर रही है, जिससे लग रहा है कि दिल्ली में सब कुछ ठीक है।**

मौजूद खतरनाक धूल कणों में से एक पीएम 10 में 42 फीसदी की कमी आई है। हालांकि यह ट्रायल करने वाले आईआईटी का कहना है कि पीएम 10 में छह से 10 फीसदी तक की कमी आई है। सोचें, सरकार क्या बढ़ा चढ़ा कर पीएम 10 कम होने का दावा कर देगी तो लोगों को प्रदूषण से राहत मिल जाएगी?ऐसा लग रहा है कि दिल्ली की सरकार हर जगह आंकड़े छिपा कर हकीकत बदलने की कोशिश कर रही है।

इस बार दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट जाकर दिल्ली में पटाखों की बिक्री शुरू कराई। अदालत ने हालांकि तीन दिन तक ग्रीन पटाखे बेचने की इजाजत दी थी लेकिन कई दिन तक पटाखे बिके और दिवाली पर खूब पटाखे चले। फिर भी दिवाली के अगले दिन कहा गया कि वायु प्रदूषण नहीं बढ़ा है। दावा किया गया कि एक्यूआई तीन सौ आसपास रहा यानी 'बेहद खराब श्रेणीइ तक ही हवा की क्वालिटी बिगड़ी। हालांकि बाद में खबरें आईं कि दिवाली की रात को जिस समय एक्यूआई सबसे ज्यादा बिगड़ी उस समय के आंकड़े नहीं जोड़े गए। यानी दिवाली के अगले दिन का एक्यूआई पीक पॉल्यूशन के आंकड़ों के बगैर निकाला गया। सोचें, आंकड़ों के साथ ऐसी धोखाधड़ी कोई जिम्मेदार सरकार कैसे कर सकती है? अभी जो भी प्रदूषण है उसके लिए दिल्ली सरकार ने सारा ठीकरा पंजाब पर फोड़ दिया है। जैसे आम आदमी पार्टी की सरकार भाजपा शासित राज्यों में पराली जलाए जाने को दिल्ली के प्रदूषण के लिए जिम्मेदार बताती थी वैसे ही भाजपा की दिल्ली सरकार पंजाब की आप सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। कहा जा रहा है कि पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं के कारण दिल्ली में प्रदषण बढ़ा है।हवा के साथ साथ यमुना की सफाई के मामले में भी दिल्ली सरकार का यही रवैया है। दिल्ली में सरकार बनने के बाद पहले दिन से दिल्ली सरकार और भाजपा नेताओं ने यमुना में सफाई का कथित अभियान शुरू किया।

ड्रेजिंग करने वाली मशीनें लगा दी गईं। लेकिन हकीकत यह है कि छठ के समय तक यमुना के पानी में रत्ती भर सुधार नहीं हुआ। कहीं कहीं सफाई हुई लेकिन पानी में ऑक्सीजन का स्तर नहीं बढ़ा और पहले की तरह झाग बनती रही। झाग हटाने के लिए उसी केमिकल का इस्तेमाल किया गया, जिसका आप सरकार के समय इस्तेमाल किए जाने पर भाजपा पानी में जहर मिलाने के आरोप लगाती थी। अंत में जब यमुना का पानी साफ नहीं हुआ और बिहार विधानसभा चुनाव के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छठ घाट पहुंचने का कार्यक्रम बन गया तो यमुना के तट पर गंगा के पानी से एक तालाब निर्मित किया गया। उसके सहारे यमुना की सफाई का दावा किया गया। लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं की सक्रियता से इसकी पोल खुल गई और बाद की शर्मिंदगी से बचने के लिए प्रधानमंत्री वहां नहीं गए।अब सवाल है कि क्यों दिल्ली की सरकार हवा की गुणवत्ता या यमुना की सफाई के मामले में इस किस्म के दावे कर रही है? दिल्ली में 27 साल से भाजपा की सरकार नहीं थी। इन 27 वर्षों में यमुना लगातार गंदी होती गई और ट्रैफिक से लेकर कई और घटनाक्रम रहे, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ा। इसमें भाजपा की कोई गलती नहीं है। फिर अगर वह नौ महीने में हवा की गुणवत्ता नहीं सुधार सकी या यमुना की सफाई नहीं कर सकी तो इसके लिए कोई उसे दोष नहीं देगा। उसे ईमानदारी से बताना चाहिए कि उसे सिर्फ नौ महीने ही मिले हैं और इतना समय पर्याप्त नहीं है। उसे अपनी ईमानदार कोशिशें दिखानी चाहिए। लेकिन उलटे उसने आंकड़े छिपा कर हकीकत को दबाने का प्रयास किया और झूठ फैलाया। इससे उसकी मंशा पर सवाल उठते हैं। यह धारणा बनती है कि दिल्ली सरकार को कुछ करना नहीं है, बल्कि आंकड़े छिपा कर झूठे दावे करने हैं और ऐसे ही किसी दिन वह दावा कर देगी कि यमुना साफ हो गई और दिल्ली में कोई वायु प्रदूषण नहीं है। ऐसा होना बहुत खतरनाक है।

# मेयर अब एक डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट

जोहरान ममदानी की जीत से अमेरिका में राजनीतिक ध्रुवीकरण तीखा होने के साथ–साथ कई स्तरों पर विभाजन बढ़ने की आशंका है। वैसे यह कोई छोटी विडंबना नहीं है कि दुनिया के सर्व–प्रमुख वित्तीय महानगर का मेयर अब एक डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट है!

जोहरान मामदानी के विजयी होने पर एक टीकाकार ने कहा है कि न्यूयॉर्क के नव–निर्वाचित 34 वर्षीय मेयर को उन शख्सियतों का शुक्रगुजार होना चाहिए, जो सरकारी खजाना धनी लोगों को सौंपते चले गए। परिणाम आम न्यूयॉर्क वासी का समाजवाद की तरफ हुआ झुकाव है। भारतीय फिल्मकार मीरा नायर के बेटे मामदानी खुद को डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट कहते हैं। कुछ महीने पहले उनका उल्के की तरह उदय हुआ, जब डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राइमरी में उन्होंने तत्कालीन मेयर एंड्रयू कुमो को हरा दिया। कुमो निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे। आखिर वक्त पर उन्हें राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का भी समर्थन मिला।ट्रंप ने मामदानी को हराने के लिए ना सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवार पर कुमो को तरजीह दी, बल्कि यहूदियों से उन्हें वोट देने के लिए सांप्रदायिक अपील



भी की। इसके पहले वे काफी समय से न्यूयॉर्क वासियों को डरा रहे थे कि अगर उन्होंने एक कम्युनिस्ट को मेयर चुनाव, तो संघीय वित्तीय सहायता रोक दी जाएगी। ट्रंप ने अपने पुराने प्रिय शहर में कम्युनिस्ट को मेयर बनने से रोकने को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया था। लेकिन महंगाई और दूभर होती जिंदगी से पीड़ित न्यूयॉर्क वासियों ने मकान किराया वृद्धि पर रोक, बस यात्रा की मुफ्त सेवा, बाल पालन–पोषण की सार्वजनिक व्यवस्था, एवं प्रशासन संचालित किराना दुकानों में उचित मूल्य पर सामग्रियों की बिक्री जैसे ममदानी के वादों पर ज्यादा भरोसा किया।

मगर इस तरह उन्होंने ट्रंप की नाराजगी मोल ली है, जिसका नतीजा यह हो सकता है कि लॉस एंजिल्स, शिकागो, न्यूपोर्टलैंड आदि शहरों की तरह न्यूयॉर्क भी ट्रंप के निशाने पर आ जाए। इससे अमेरिका में जारी ध्रुवीकरण और तीखा हो सकता है। ममदानी की जीत ने डेमोक्रेटिक पार्टी ऐस्टैबलिशमेंट के लिए

**जोहरान मामदानी के विजयी होने पर एक टीकाकार ने कहा है कि न्यूयॉर्क के नव–निर्वाचित 34 वर्षीय मेयर को उन शख्सियतों का शुक्रगुजार होना चाहिए, जो सरकारी खजाना धनी लोगों को सौंपते चले गए। परिणाम आम न्यूयॉर्क वासी का समाजवाद की तरफ हुआ झुकाव है। भारतीय फिल्मकार मीरा नायर के बेटे मामदानी खुद को डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट कहते हैं।**

भी मुश्किलें खड़ी की हैं, जो अपनी समाजवादी छवि कतई नहीं बनने देना चाहता। मगर ममदानी अब एक हकीकत हैं, जिनकी नीतियों के समर्थक देश भर में हैं। ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी विभाजन की तरफ बढ़ सकती है। यानी ममदानी की जीत से कई स्तरों पर विभाजन की आशंका है। वैसे यह कोई छोटी विडंबना नहीं है कि दुनिया के सर्व–प्रमुख वित्तीय महानगर का मेयर अब एक डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट है!

# गैर–बराबरी घुन

जिस छोटे से तबके के हाथ में धन केंद्रित होता है, सरकारी नीतियों पर उसका शिकंजा कस जाता है। यानी गैर–बराबरी ऐसा घुन है, जो लोकतंत्र को कुतर डालती है। भारत में अमीर– गरीब की खाई तेजी से बढ़ी है।

भारत में आर्थिक गैर–बराबरी अत्यधिक बढ़ चुकी है, यह कोई नया तथ्य नहीं है। नई बात सिर्फ यह है कि इस बार जी–20 समूह की तरफ से नियुक्त मशहूर अर्थशास्त्रियों के टास्क फोर्स ने इस ओर ध्यान खींचा है। जोसेफ स्टिग्लिट की अध्यक्षता वाले इस टास्क फोर्स ने गैर–बराबरी बढ़ने के परिणामों का भी उल्लेख किया है। साथ ही बताया है कि इस पर किस तरह लगाम लगाया जा सकता है। फिलहाल, जी–20 की अध्यक्षता दक्षिण अफ्रीका के पास है। वहां के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की पहल पर ये टास्क फोर्स बना। उसने बताया है कि इस समस्या को नजरअंदाज करना कितना हानिकारक है। टास्क फोर्स के मुताबिक अत्यधिक आर्थिक विषमता से राजनीति पटरी से उतर जाती है, जिससे लोकतंत्र कमजोर होता है।

इसके परिणामस्वरूप आर्थिक विकास एवं गरीबी उन्मूलन के प्रयास बाधित होते हैं। साथ ही जलवायु परिवर्तन रोकने की कोशिशें कमजोर पड़ती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जिस छोटे से तबके के हाथ में धन का संकेद्रण होता है, सरकारी नीतियों पर उसका शिकंजा कसता चला जाता है। यानी यह ऐसा घुन है, जो लोकतंत्र को कुतर डालता है। टास्क फोर्स के मुताबिक भारत में अमीर और गरीब के बीच संपत्ति की खाई पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़ी। साल 2000 से 2023 के बीच देश के शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के धन में 62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

दुनिया में सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने 2000 के बाद से पैदा हुई नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा अपने कब्जे में ले लिया। वहीं दुनिया की निचली 50 प्रतिशत आबादी की संपत्ति में सिर्फ एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इन आंकड़ों की रोशनी में इसे बेहतर ढंग से समझा जा सकता है कि इस दौर में भारत सहित ज्यादातर लोकतांत्रिक देशों में क्यों ऐसी ताकतों का उदय हुआ, जिनके राज में वहां लोकतांत्रिक आजादियां सिकुड़ी हैं। कारण है सत्ता के केंद्रों पर अत्यधिक धनवान लोगों का बना नया नियंत्र। बहरहाल, महज इस परिघटना को महज समझना पर्याप्त नहीं है। असल सवाल ऐसी राजनीति का है, जिसमें सत्ता आम जन के पास लौटाने की दृष्टि एवं संकल्प हो।

# वाराणसी का टीजर देख उड़े जनता के होश

निर्देशक एसएस राजामौली फिल्म वाराणसी को लेकर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें हैं। एक ओर इसके जरिए महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा पहली बार साथ आए हैं। दूसरी और राजामौली, जिनकी पिछली फिल्म आरआरआर ने दुनियाभर में धूम मचाई थी। 15 नवंबर को फिल्म के भव्य ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में इसकी पहली झलक दुनिया के सामने आई, वहीं फिल्म के नाम की भी घोषणा हुई। अब टीजर देख लोगों ने क्या कहा, आइए जानते हैं।

आखिरकार जिस पल का सभी को बेसब्री से इंतजार था, वो आ गया। राजामौली की मेगा बजट फिल्म वाराणसी की पहली झलक रिलीज कर दी गई, जिसने प्रशंसकों का उत्साह दोगुना कर दिया है। टीजर में जबरदस्त वीएफएक्स और बैकग्राउंड स्कोर देख सब हैरान रह गए। आते ही टीजर यूट्यूब पर छा गया




और लोग इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कुछेक लोग हैं, जिन्हें फिल्म के नाम से आपत्ति है, लेकिन टीजर ने होश उड़ा दिए हैं।

उधर रूद्र के किरदार में महेश बाबू ने जनता का दिल जीत लिया है। बैल पर सवार महेश की धमाकेदार एंट्री ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और लोगों ने ये तक कह दिया है कि ये उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा रोल होगा। ज्यादातर लोगों का यही कहना है कि एसएस राजामौली भारतीय सिनेमा के इकलौते निर्देशक हैं, जिनका विजन कमाल का है और अब वो फिर बॉक्स ऑफिस पर तूफान लाने वाले हैं।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका: शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में क्या होंगे भारतीय टीम के पास विकल्प?

नईदिल्ली,दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल चोटिल हो गए थे। वह ईडन गार्डन टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान गर्दन में चोट लगा बैठे लगा थे और उनके गुवाहटी टेस्ट में खेलने को लेकर अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं हैं। ऐसे में अगर गिल 22 नवंबर से शुरू होने वाले टेस्ट में नहीं खेलते हैं तो उनकी जगह पर कुछ खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। आइए इनके बारे में जानते हैं। नितीश रेड्डी को पहले टेस्ट की टीम से रिलीज कर दिया गया था। ऐसी खबर है कि वह दूसरे टेस्ट के लिए टीम के साथ जुड़ चुके हैं। वह शीर्षक्रम में बल्लेबाजी की काबिलियत रखते हैं। दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने वाली रेड्डी ने अब तक 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 29.69 की औसत के साथ 386 रन बनाए हैं। अपने प्रथम श्रेणी करियर में वह 2 शतकों की मदद से 1,317 रन बना चुके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में खेलते हुए दिखे थे। उन्होंने दिल्ली टेस्ट में 87 और 39 रन के स्कोर किए थे।

# इन गेंदबाजों ने एक एशेज सीरीज के दौरान 2—2 मैचों में 10 या अधिक विकेट लिए

नईदिल्ली, टेस्ट क्रिकेट में जब कोई गेंदबाज किसी एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लेता है, तो ये उसके लिए उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। कुछ खिलाड़ी किसी एक मैच की दोनों पारियों को मिलाकर 10 या उससे अधिक विकेट लेने में भी सफल हुए हैं। इसी क्रम में कुछ गेंदबाज ऐसे भी हुए हैं, जिन्होंने एक ही एशेज सीरीज के दौरान 2–2 मैचों में 10+ विकेट लिए हैं। आइए इन गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

जुलाई 1956 में ऑस्ट्रेलिया–इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर टेस्ट में ऐतिहासिक गेंदबाजी दर्ज हुई। दरअसल, इंग्लिश ऑफ स्पिनर जिम लेकर ने कंगारू टीम की पहली पारी में 9 विकेट और दूसरी पारी में सभी 10 विकेट लेकर कीर्तिमान स्थापित किया था। मैच में 19 विकेट लेते हुए उन्होंने इंग्लिश टीम को



पारी से जीत दिलाई थी। उसी सीरीज में लेकर ने तीसरे हेडिंग्ले टेस्ट की पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए थे।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रॉडनी हॉग ने 1978–79 एशेज सीरीज में सर्वाधिक 41 विकेट चटकाए थे। उन्होंने 2 मैचों में 10+ विकेट भी अपने नाम किए थे। उन्होंने वाका टेस्ट की दोनों पारियों में 5 विकेट हॉल (5/65 और 5/57) लिए और इसके बावजूद उनकी टीम मैच नहीं जीत सकी थी। हॉग ने अगले ही मेलबर्न टेस्ट की दोनों पारियों में 5 विकेट हॉल (5/30 और 5/36) लिए थे और टीम को जीत दिलाई थी।

# फरहान अख्तर की '120 बहादुर रचेगी इतिहास



एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज की फिल्म 120 बहादुर इतिहास रचने जा रही है। यह भारत में पहली ऐसी फिल्म होगी जो देशभर के डिफेंस थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म तीन दिन में थिएटर्स में आने वाली है, लेकिन मेकर्स ने एक नया और अनोखा कदम उठाते हुए 18 नवंबर को पेड प्रीव्यू शुरू कर दिया है। यह दिन 1962 की लेजेंडरी रेजांग ला की लड़ाई की 63वीं सालगिरह भी है। अब बुकिंग खुल चुकी है और भारत में 30+ शो आयोजित किए गए हैं। फिल्म 120 बहादुर भारत के सबसे बड़े युद्धों में से एक का न बताया गया और प्रेरक अध्याय दिखाती है, जिसमें 120 वीर भारतीय सैनिक 3,000 चीनी सैनिकों के खिलाफ डटे रहे। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बहुत पसंद आया है और इसे व्यापक सराहना भी मिली है। 120 बहादुर जल्द ही इतिहास रचने जा रही है। यह फिल्म भारत के डिफेंस थिएटर नेटवर्क में रिलीज़ होने वाली पहली फिल्म होगी, जो देश की सैन्य समुदाय के लिए सेवा देने वाले 800 से अधिक सिनेमाघरों तक पहुंचेगी। पिक्चरटाइम ने जेनसिंक ब्रैट मीडिया के साथ साझेदारी में इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और भारतीय सशस्त्र बलों के बीच लंबे समय से मौजूद अंतर को कम करना है।

## रुबीना दिलैक–अभिनव शुक्ला ने जीता पति पत्नी और पंगा

टीवी शो पति पत्नी और पंगा के फिनाले का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ग्रैंड फिनाले 15 और 16 नवंबर को कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित हुआ और इस बार विजेता बने रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला। शो की एक और टॉप जोड़ी गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी को पीछे छोड़ते हुए अभिनव–रुबीना ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जैसे ही होस्ट सोनाली बेंद्रे ने विजेता जोड़ी अभिनव–रुबीना के नाम की घोषणा की, दोनों डांस करने लगे।रुबीना और अभिनव ने रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा जोड़ियों का रियलिटी चेक जीतकर सबका दिल जीत लिया। इस सीजन में उन्हें सर्वगुण संपन्न जोड़ी का खिताब मिला यानी उनकी जोड़ी शो की सबसे बेहतरीन और समझदार जोड़ी साबित हुई। शो के फिनाले में रुबीना और अभिनव की भिड़ंत टीवी और इस शो की चर्चित जोड़ी गुरमीत चौधरी और देबीना बनर्जी से हुई। कड़ी टक्कर के बाद रुबीना और अभिनव ने जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

# एशेज सीरीज: ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले इंग्लिश बल्लेबाज

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ उनके घर पर खेलने में कठिनाई हुई है। इंग्लिश टीम ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार एशेज सीरीज 2010–11 में जीती थी। लम्बे अंतराल से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर इस प्रतिष्ठित सीरीज को जीतने के लिए बेताब इंग्लैंड की टीम 21 नवंबर से शुरू होने वाले आगामी संस्करण में अपनी चुनौती पेश करेगी। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले इंग्लिश बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

टिप फोस्टर ने साल 1903 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 287 रन की शानदार पारी खेली थी। फोस्टर इंग्लैंड की पहली पारी में नंबर–5 पर बल्लेबाजी



करने उतरे थे। उन्होंने 419 मिनट तक बल्लेबाजी की थी और उनके बल्ले से 37 चौके निकले थे। उनकी पारी के दम पर इंग्लैंड 577 रन बनाने में सफल रही थी। आखिर में इंग्लैंड को उस मैच में 5 विकेट से जीत मिली थी। पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज वॉली हैमंड ने साल 1928 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी के मैदान पर 251 रन की पारी खेली थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारू टीम ने 253 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में इंग्लैंड ने 636 रन बना दिए थे। हैमंड ने 605 गेंदों का सामना करते हुए ये पारी खेली थी। उनके बल्ले से 30 चौके निकले थे। उस मुकाबले में इंग्लैंड को 8 विकेट से शानदार जीत मिली थी। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक ने 2017 के मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी में एक शानदार दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड बनाए थे। इस पारी में ज्यादातर इंग्लिश बल्लेबाज 25 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके थे, लेकिन कुक ने 409 गेंदों पर 27 चौकों की मदद से नाबाद 244* रन बनाए थे। वह पारी के सिमटने के बावजूद नाबाद रहे थे और मैच आखिरकार ड्रॉ रहा था। इस सूची में चौथे पायदान पर भी कुक हैं, जिन्होंने 2010 में ब्रिसबेन टेस्ट में नाबाद 235 रन बनाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर छात्रावास में 31 छात्रों ने कराया पंजीकरण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अंबेडकर राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पौड़ी में 31 छात्रों का पंजीकरण हुआ है। छात्रावास में 48 सीटें हैं। छात्रावास में छात्रों को निःशुल्क कोचिंग भी दी जाती है। अभी तक इस छात्रावास से चार छात्रों का चयन हो चुका है। छात्रावास अधीक्षक जयदेव नौगाईं के मुताबिक छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया ने बताया कि इन छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन, वाई-फाई के साथ ही अध्ययन सामग्री और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शैक्षणिक उन्नति के लिए इस छात्रावास में निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी गई हैं। इसका भी लाभ यहां पंजीकृत छात्र उठा रहे हैं। कहा कि इससे आगे चलकर छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में मदद मिलेगी। अभी तक इस छात्रावास से चार छात्रों का सेना, तकनीकी क्षेत्र और चिकित्सा क्षेत्र में चयन हो चुका है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर छात्रावास की आवश्यक मरम्मत भी गई है। साथ ही सोलर और स्ट्रीट लाइट आदि की भी सुविधा मुहैया कराई गई है।

### घुड़दौड़ी कॉलेज के छात्रों टेक फेस्ट में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी पौड़ी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में आयोजित ह्लप्रयुक्ति 2025ह्व टेक फेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉलेज के निदेशक संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वीके बंगा ने टीम को बधाई दी और कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और तकनीकी कौशल का परिणाम है। यह संस्थान के लिए गर्व का विषय है। छात्रों ने रोबोटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल चार पुरस्कार हासिल किए। टीम मेकएवार ने रोबो कार रेस में पहला तो रोबो ऑफ-रोड रेस रोबोटिक्स फुटबॉल गेम सहित रोबो वार में दूसरा स्थान हासिल किया। इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम को इन पुरस्कारों के लिए क्रमशः रोबो कार रेस में 12 हजार, रोबो वार में 8 हजार तो रोबो फुटबॉल में 5 हजार सहित ऑफरोड रेस में 6 हजार राशि पुरस्कार के तौर पर भी मिली है। कॉलेज की टीम में शिवांग शर्मा, अनुराग तिवारी, तरुण राजपूत, श्रीजी गुप्ता और लक्षिता जोशी शामिल रहे। मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ केकेएस मेर ने भी टीम की उपलब्धि पर खुशी जताई। कहा कि इससे अन्य छात्रों को भी नवाचार और प्रायोगिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### पोखड़ा ब्लॉक में सात गांव गुलदार संवेदनशील चिन्हित, वन विभाग की टीम तैनात

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की पोखड़ा रेंज में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुलदार के लगातार सक्रिय रहने के बाद वन विभाग ने घंडियाल और बगड़ीगाड़ गांवों के साथ ही 5 और गांवों को भी गुलदार संवेदनशील के तौर पर चिह्नित किया है और यहां गश्त बढ़ा दी है। वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए जहां यहां टीमें तैनात की हुई हैं, वहीं शूटर भी को भेजा है। बता दें कि बीती 13 नवंबर से गुलदार ने पोखड़ा के बगड़ीगाड से लेकर घंडियाल गुलदार ने हमले किए थे। वहीं गुलदार के सक्रिय होने की वजह से शिक्षा विभाग के इस क्षेत्र में पड़ने वाले प्राइमरी और माध्यमिक की 12 स्कूलें मंगलवार को भी बंद रही। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने बताया कि जो गांव गुलदार संवेदनशील के तौर पर चिह्नित किए गए हैं उनमें सकनोली, कनोठा, मटगल, मसमोली व कसाणी शामिल हैं। इन सातों गांवों में 5-5 लोगों की टीमें गश्त पर लगाई गई हैं। विभागीय टीम ड्रोन के जरिए भी गुलदार की गतिविधियों पर नजर रख रही है।

इसके साथ ही 8 कैमरा ट्रैप और 2 पिंजरे लगाए हैं। इन टीमों के अलावा ट्रैक्यूलाइज और क्यूकि रिसंपोंस टीम भी बनी है। गुलदार सोमवार को दिखाई दिया था, लेकिन रेंज काफी दूर होने की वजह से पकड़ में नहीं आया। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार मंगलवार की सुबह भी दिखाई दिया है।

### गीता चौहान को मिलेगा आखर विज्ञान शिक्षक सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : आखर ट्रस्ट की ओर से पांचवां शिवदर्शन सिंह नेगी स्मृति आखर विज्ञान शिक्षक सम्मान-2025 राजकीय इंटर कॉलेज जखण्ड की रसायन विज्ञान प्रवक्ता गीता चौहान को प्रदान किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी-2025 में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा दसवीं के छात्र निर्मल पंवार को भी सम्मानित किया जायेगा।

# पेयजल लाइन बिछाने की लिए खोदी सड़क, बनाना भूले

**यूयूएसडी की ओर से विभिन्न वार्डों में बिछाई गई थी पेजयल लाइन,लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने से बढ़ी चुनौती**



कोटद्वार में खुदाई के बाद ऊबड़-खाबड़ हुई सड़क

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में पेयजल लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क ने वार्डवासियों की चुनौती बढ़ा दी है। वार्डों में जगह-जगह टूटी सड़कें राहगीरों की कमर तोड़ रही है। मिट्टी सूखने के बाद वाहनों के संचालन से धुएं का गुब्बार बन रहा है। वार्डवासी कई बार सड़क मरम्मत के लिए नगर निगम से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया।

शहर के हर घर में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति के लिए योजना बनाई गई। उत्तराखंड अर्बन सेंटर डेपलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) ने इसकी कार्य योजना तैयार की। परियोजना एशियन डेपलपमेंट बैंक (एडीबी) से वित्त पोषित 325 करोड़ की लागत से बनी, जिसके तहत तीन सौ किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर 22 हजार से अधिक आबादी को पेयजल कनेक्शन दिए जाने थे। योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के साथ ही ओवरहैड टैंक व नलकूप निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया था। कार्यदायी संस्था ने नगर निगम क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में सड़क की खुदाई कर पेयजल लाइन बिछाने का कार्य भी पूर्ण कर लिया है। लेकिन, लाइन के ऊपर बेतरतीब तरीके से मिट्टी डालने के बाद संबंधित कार्यदायी संस्था चली गई। नतीजा, अब वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बीच सड़क पर गड्ढे तक बन गए हैं। ऐसे में राहगीरों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।

### स्कूलों के आसपास परेशानी

सड़क बदहाल होने से सबसे अधिक परेशानी स्कूलों के आसपास हो रही है। छुट्टी होने पर वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग तक नहीं मिल पाता। यही नहीं कई स्थानों पर खुदाई के दौरान निकली बड़े-बड़े पत्थरों को सड़क पर रखा गया है। ऐसे में राहगीरों को पैदल चलने तक का रास्ता नहीं मिल पाता। लोगों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने नगर निगम से शिकायत की थी। लेकिन, नगर निगम समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा।

# विद्यार्थियों ने लिया नशा मुक्त जीवन का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त जीवन का संकल्प लिया। कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सभी को इसके खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। कहा कि विद्यार्थियों को अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक करना चाहिए। कहा कि 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गयी। नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।



नशे के खिलाफ शपथ लेते राजकीय इंटर कालेज सुरखेत के विद्यार्थी

# जन-जन तक पहुंचे सरकारी योजनाएं



आयोजित कार्यक्रम में नगर मंडल प्रभारी का स्वागत करते पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नगर मंडल प्रभारी संजय गौड़ ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कहा कि हर घर सरकारी योजना पहुंचे यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

मंगलवार को संजय गौड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से वार्ता की। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। ऐसे में आमजन तक यह योजनाएं पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, मीडिया प्रभारी आशीष सतीजा, अमिताभ अग्रवाल, लक्ष्मी नेगी, रजनी बिष्ट, अरविंद बनियाल, भूपेंद्र सिंह, प्रीति कुलाश्री, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# दीक्षा व आसिफ दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई है। पहले दिन विद्यार्थियों के लिए दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आठ सौ मीटर दौड़ में दीक्षा धस्माना व आसिफ अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की ओर से प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में किया जा रहा है। पहले दिन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने मार्च पास्ट की सलामी ली। तत्पश्चात नार्थ जोन की चैंपियन संध्या ने खेल मशाल लेकर मैदान का चक्कर लगाया।

प्रतियोगिता के बालिका वर्ग आठ सौ मीटर दौड़ में दीक्षा धस्माना प्रथम, रीता द्वितीय व अदिति नेगी तृतीय रही। बालक वर्ग में आसिफ अली प्रथम, मोहित सैनी द्वितीय व अमन सिंह तृतीय रहे। बालक वर्ग के गोला प्रक्षेप में शिव कुमार प्रथम, सागर गुसांई द्वितीय व हर्ष तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सोनाली प्रथम, रानी द्वितीय व संध्या तृतीय रही।

लंबी कूद के बालिका वर्ग में सोनिया प्रथम, ललिता द्वितीय व दीक्षा धस्माना तृतीय रही। इस मौके पर डा. सुषमा थलेडी, प्रो. बसंतिका कश्यप, प्रो. आशा देवी मौजूद रहे।



कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान दौड़ में प्रतिभाग करती छात्राएं

# बेहतर कार्यों के लिए मंजू रावत को मिला सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारतीय दलित साहित्य अकादमी की भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता स्थित कार्यालय में मंगलवार को आयोजित समारोह में बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दूखाता की सह-संस्थापिका मंजू रावत को डॉ. भीमराव अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें अकादमी के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य द्वारा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली की ओर से प्रदान किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद पंत ने कहा कि मंजू रावत की बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय की स्थापना व जनजाति के बच्चों को स्कूल से जोड़ने में सराहनीय योगदान रहा है। इसलिए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। मौके पर अकादमी के अन्य सदस्यों ने मंजू रावत को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नेत्र सिंह रावत, विनय किशोर रावत, डॉ. शील सौरभ रावत, बृजेन्द्र नेगी, पीताम्बर सिंह राणा, मनमोहन सिंह रावत, किशन सिंह रावत, गोविंद सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंजू रावत को डा. अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड प्रदान करते संस्था सदस्य

### जंगली जानवरों के हमले की बढ़ती घटनाओं पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार जंगली जानवरों के बढ़ते मामलों पर अखिल भारतीय पूर्व-सैनिक सेवा परिषद ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस सबंध में सदस्यों ने उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि पहाड़ों में लगातार जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन जंगली जानवर लोगों को अपना निवाला बना रहा है। कहा कि जंगली जानवरों के आतंक को रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। पूर्व सैनिकों लिविंग रिलेशनशिव कानून को भी हटाने की मांग उठाई। कहा कि इससे देवी भूमि की छवि धूमिल हो रही है। पूर्व सैनिकों ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण के लिए भी गंभीरता दिखाने की मांग उठाई। कहा कि स्थानीय जनता लंबे समय से मार्ग निर्माण की मांग उठा रही है। ऐसे में सरकार को न्यायालय में मार्ग निर्माण में ठोस पैरवी करनी चाहिए। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, संजय असवाल, हरीश खुगशाल, बलवान सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# कुत्तों का ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में नगर क्षेत्र में लावारिस कुत्तों की बढ़ती समस्या और उससे निपटने की रणनीति पर चर्चा हुई। डीएम ने इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई करने को कहा। डीएम ने शहर में घूम रहे आवारा एवं पालतू दोनों तरह के कुत्तों पर पहचान टैग लगाएं जाएं और उनका ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया जाए। साथ ही डॉग शेल्टर के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग को पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्र में चिकित्सक तैनात करने और नसबंदी को लेकर आवश्यक उपकरणों की खरीद जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। सीवीओ पौड़ी डॉ. विशाल शर्मा को नगर निकायों के साथ मिलकर एक अभियान के तौर पर लावारिस कुत्तों का सर्वे कर सुगठित कार्य योजना तैयार कर उसे पशु कल्याण बोर्ड को अनुमति हेतु भेजने को भी कहा। पशुओं के लिए ऑपरेशन थियेटर, ऑपरेशन के पश्चात देखभाल हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही। डीएम ने सीवीओ को सिलेथ में बनी गौशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को भी कहा। बैठक में सहायक नगर आयुक्त श्रीनगर रवि राज बंगारी, कोटद्वार अजय अष्टवाल, प्रभारी ईओ पौड़ी गायत्री बिष्ट सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा के लिए 125 परीक्षा केंद्र बनाएं, 12,605 छात्र देगें परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परिषदीय परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि यदि अन्य स्कूलों में भी विषम भौगोलिक परिस्थितियों, कठिन पहुंच या कम छात्र संख्या के कारण स्व-केन्द्र की आवश्यकता है तो उनका प्रस्ताव तत्काल दिया जाए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्व में ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित बैठक में परीक्षा केंद्र निर्धारण, व्यवस्थाओं और सुरक्षा मानकों पर विस्तृत से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पौड़ी जनपद में कुल 125 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष से मुकाबले 3 अधिक हैं। इन केंद्रों पर संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की कुल संख्या 12,605 है, जो विगत वर्ष की तुलना में 411 अधिक है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हर विकासखंड में 15 केंद्र व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु भी स्थापित किए गए हैं। डीएम ने कहा कि जनपद के 14 परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थीओं की संख्या कम होने पर इन केंद्रों को परीक्षा मानकों में छूट देते हुए स्व-केन्द्र की अनुमति प्रदान की गई है। बताया कि इनमें राइंका सैंधीखाल, चम्पेश्वर, नाहसैंण, कुंजखाल, पोखरी अजमेर, किल्बौखाल, मवाधार, चमकोटखाल, खदरासी, क्यार्क, ग्वालखुडा, मठाली, कठुड़खाल और कपरोली शामिल हैं।

### नशामुक्त समाज बनाने का दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें दिव्यांशी जोशी ने पहला, सोनाक्षी नेगी ने दूसरा और सानिया रावत ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाकर नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव कनौजिया, नोडल अधिकारी डॉ. निशा चौहान, डॉ. शोभा रावत, डॉ. सुमित, डॉ. दयाधर सेमवाल, डॉ. नीति शर्मा आदि शामिल रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में नैंसी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बीआरसी खुंडोली में विज्ञान महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में संकुल बरस्वार की नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक विज्ञान ब्लाक समन्वयक जयदेव बडोनी, कार्यक्रम संयोजक चंद्रमोहन सिंह रावत, अंजली व विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने वालों को अवश्य सफलता मिलती है। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में संकुल बरस्वार की नैंसी, अटल राजकीय इंटर कालेज सारी की छात्रा सृष्टि, उच्च प्राथमिक विद्यालय धौलखेतखाल ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल में राजकीय इंटर कालेज सेंधीखाल की सोनल, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय असनखेत के आयुष व राजकीय कन्य उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली के करन नेगी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज मठाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके उपरांत प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

# रामलीला मंचन देखने उमड़ रही दर्शकों की भीड़



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद पौड़ी की पट्टी मनियारस्यूं साकनी बड़ी गांव जहां दिन की रामलीला पिछले 14 नवंबर से शुरू हो गई है। मंगलवार को रामलीला मंचन के पांचवें दिन सुपर्णखा नासिका छेदन और सीता हरण, जटायु मरण तक की रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला मंचन देखने के लिए घण्डियाल, कांसखेत, बनेख, देवल, गौरण, सैण, नैथाणा, साकनी छोटी, आसूई नौगांव आदि गांवों से भारी संख्या में दर्शक पहुंचे।

रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता देवी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने साकनी बड़ी रामलीला समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामलीला का विशेष महत्व यह है कि यहां रामलीला शुभारंभ होने से पहले भगवान राम की अखंड जोत की स्थापना की जाती हैं। यह जोत लगातार आठ दिन तक जलती है।

रामलीला मंचन के लिए अधिकतर साकनी बड़ी के प्रवासी युवा अन्य प्रांतों से गांव आते है। रामलीला मंचन 47वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। धार्मिक आयोजन गांव का आपसी भाईचारा और पौराणिक संस्कृति जीवित रखने का माध्यम भी हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती अर्चना पंवार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

**बुजुर्ग कलाकार बढ़ा रहे युवा कलाकारों का हौसला**

रामलीला के मंचन के साथ-साथ गांव का विकास पर भी चर्चा स्वाभाविक है। पुराने वयोवृद्ध कलाकर आज भी नए युवा कलाकारों को हौसला बढ़ाने और मार्गदर्शन की भूमिका में हमेशा मंच और मेकअप कक्ष में निर्देशित करते रहते है। बुजुर्ग कलाकार आज भी अपने अभिनय को याद करते हुए नव युवकों में अपने अभिनय को तलाशते हैं। बुजुर्ग कलाकार कृष्ण कुमार, प्रताप सिंह रावत, बीरेंद्र सिंह पंवार, हरि सिंह नेगी, नेत्र सिंह, आनंद सिंह पटवाल, नरेंद्र सिंह पंवार, देवेंद्र सिंह आदि कलाकार सहयोग करते रहते है।

### आक्रोशित लोगों ने किया जल संस्थान कार्यालय का घेराव

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत फरासू और सेम में पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने पर लोगों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। विरोध स्वरूप गुस्साए लोगों ने मंगलवार को श्रीनगर जल संस्थान कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि जल्द से पेयजल आपूर्ति सुचारू नही होती है तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टिटी संख्या : U40109UR2001SGC025687/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित निविदा सं० 20/2025-26 एवं 21/2025-26 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 26.11.2025 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि० 27.11.2025 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत् है।

अधिशासी अभियन्ता, विवि० खण्ड, कोटद्वार
पत्रांक : 2517/विविखको/टी-6 दिनांक : 18.11.2025

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर पधारें
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं. 21/2025 दिनांक : 17.11.2025

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25/वरिष्ठ म. वि. अभि./सा./पुरा./2025 - मुरादाबाद मंडल में एटी केबल बिछाने के लिए विद्युत कार्य। | 5235780.20 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 104700.00 | 6 (छः) महीने | निविदायें दिनांक 19.12.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3564/25

## एक नजर

### स्पा सेंटर में 12 वर्षीय बालक से श्रम कराने वाली महिला पर केस

देहरादून। स्पा सेंटर में बालश्रम कराने का मामला सामने आया है। पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने स्पा सेंटर की संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना कारगी चौक के पास स्थित ब्लैक बैरी स्पा सेंटर की है। शिकायत पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और उनके साथ जुड़े वालंटियर की टीम सोमवार को कारगी चौक के पास आईएसबीटी रोड स्थित ब्लैक बैरी स्पा सेंटर पहुंची। वहां 12 वर्षीय किशोर से पोंछा लगवाया जा रहा था। स्पा सेंटर संचालक मेघा थापा से पुलिस ने इसे लेकर पूछताछ की। तब पता लगा कि वह बालक से अपने घर में भी श्रम कराती है। इस एवज में बालक के पिता को हर महीने सात हजार रुपये का भुगतान किया जाता है। हालांकि बालश्रम प्रतिबंधित है। इसलिए बालक को रेस्क्यू करते हुए मेघा थापा के खिलाफ पटेलनगर कोतवाली में तहरीर दी गई। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि शिकायत पर बालश्रम की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जेबीआईटी में राष्ट्रीय फार्मेसी वीक का आयोजन

देहरादून। जेबीआईटी कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी में मंगलवार को राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद डॉ. कनिका कपूर, निदेशक डॉ. पीके चौधरी, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. विशांत कुमार और प्रिंसिपल फ़ार्मेसी डॉ. अरुण मौर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया।मुख्य अतिथि डॉ. कनिका कपूर ने कैंसर के बढ़ते जोखिम, इसके लक्षण, रोकथाम, जीवनशैली सुधार और समय पर स्क्रीनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने और हेपेटाइटिस टीकाकरण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अरुण मौर्य ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र, तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

### उत्तराखंड ने नेपाल को 28 रन से हराया

देहरादून। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से आयोजित वुमेंस क्वाड्रीलेटरल सीरीज में मंगलवार को उत्तराखंड ने नेपाल को 28 रनों से शिकस्त दी। मंगलवार को आयुष क्रिकेट एकेडमी में मैच खेला गया। नेपाल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड की शुरुआत धीमी रही। बाद में बल्लेबाजी को पहुंची अंकिता शाह, अंकिता बिष्ट और दीपिका चंद ने अपनी बल्लेबाजी के दम पर टीम को निर्धारित ओवर में 107 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। नेपाल के लिए इंदू ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम की शुरुआत बेहतर कमजोर रही। टीम के लिए बिंदू रावल और कविता के 27 रनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी 10 से अधिक रन नहीं बना पाया। ऐसे में टीम निर्धारित 20 ओवर में 79 रनों पर ऑल आउट हो गई। उत्तराखंड के लिए निशा मिश्रा ने 3, प्रियांशी, अंकिता शाह और नीलम ने एक–एक विकेट लिया। मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की सचिव किरण रौतेला वर्मा, अध्यक्ष दीपक मेहरा आदि मौजूद थे।

### लाइब्रेरी से आगे रोड की हालत खस्ता, हर समय दुर्घटना का खतरा

देहरादून। लाइब्रेरी से हाथीपांव जाने वाला मोती लाल नेहरू मार्ग छह माह पूर्व बना था लेकिन बरसात में रोड कई स्थानों पर उखड़ गई। लोक निर्माण विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।यह सड़क आने जाने वालों के लिए खतरे का सबब बन गई है। सबसे अधिक खतरा गुलमर्ग होटल के समीप बना है। जहां आये दिन स्कूटी सवार चोटिल हो रहे हैं। लाइब्रेरी से हाथीपांव तक लोक निर्माण विभाग ने रोड की कार्पेटिंग की थी। लोगों को लगा था कि रोड अच्छी बन गयी लेकिन इस बार भारी बारिश के कारण रोड कई स्थानों पर उखड़ गई। ऐसे में हिचकोले खाकर चलना पड़ रहा है वहीं स्कूटी सवारों को चोटिल हो रहे हैं। खास कर होटल गुलमर्ग के सामने सबसे अधिक खतरा बना है, जहां आये दिन पैदल चलने वाले भी चोटिल हो रहे हैं। एक ओर रोड खराब है वहीं दूसरी ओर एक होटल का पुश्ता बरसात में ढह जाने के बाद वहां पर खतरा पहले से ही बना है। स्थानीय निवासी राम सिंह का कहना है कि यहां पर रोड खराब होने व उपर से पत्थर गिरने का खतरा हर समय बना है। रोड खराब होने के कारण यहां पर वाहन या स्कूटी सवार तेज भी नहीं चल सकते, अगर अचानक कभी टूटे पुश्ते से पत्थर गिर गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखें : धामी



### मुख्यमंत्री ने किया आईएसबीटी देहरादून में औचक निरीक्षण, गंदगी देखकर खुद उठाई झाड़ू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार दोपहर अचानक सचिवालय से सीधे आईएसबीटी देहरादून पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के अचानक पहुंचने से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। उन्होंने परिसर में स्वच्छता, यात्रियों की सुविधा, संचालन व्यवस्था और परिवहन प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कई स्थानों पर फैली गंदगी को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई भी की और अधिकारियों को संदेश दिया कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग और एमडीडीए के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आईएसबीटी परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, हर स्थान पर स्वच्छता संबंधी सूचना-पट लगाए जाएं, यात्रियों को प्रदूषण, कचरा और धूल से मुक्त वातावरण मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी को विशेष रूप से निर्देश दिए कि आईएसबीटी में स्वच्छता और व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार कर तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बसों की संचालन व्यवस्था, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पेयजल सुविधाओं, शौचालयों, दुकानों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थ राज्य है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। इसलिए बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और परिवहन केंद्रों पर उच्च स्तरीय स्वच्छता और सुविधा व्यवस्था प्रदेश की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग और एमडीडीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने यात्रियों से लिया फीडबैक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईएसबीटी में मौजूद यात्रियों से भी मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनसे फीडबैक लिया। उन्होंने यात्रियों से पूछा कि यात्रा के दौरान उन्हें किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है और यहां की व्यवस्था में और क्या सुधार किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों के सुझाव ही हमारी व्यवस्था सुधारने का बड़ा आधार होते हैं।

# डॉ. आशीष गुसाईं को स्थानांतरण होने पर दी भावभीनी विदाई



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र घंडियाल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष गुसाईं के स्थानान्तरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

बता दें कि चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष गुसाईं विगत डेढ़ दशक से स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र घंडियाल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। डॉ. गुसाई बाल रोग विशेषज्ञ के अलावा मानसिक रोग विशेषज्ञ भी थे। उनका मरीजों और जनप्रतिनिधियों के साथ बहुत मधुर और कुशल व्यवहार से प्रभावित थे। विगत वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में एक स्थान पर इतनी लंबी सेवाएं देने के लिए उन्हें विभिन्न समाजिक संगठनों से सम्मानित भी किया गया। क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता एवं पीएलवी जगमोहन डांगी ने बताया कि श्री गुसाईं के कार्यकाल में विकासखंड कल्जीखाल में मानसिक, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बहुत सुविधा मिल जाती थी। स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र घंडियाल में अस्पताल कर्मियों एवं चिकित्सकों और सेंटरों में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ की मौजूदगी ने उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र घंडियाल डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. निधि चौहान सहित अन्य डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद था।

# अब एक क्लिक में मिल सकेगी कोषागार के संबंधित जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली जिले के कोषागार से संबंध अधिकारी, कर्मचारियों और पेंशनर्स को अब एक क्लिक से विभाग की सभी जानकारियां सुगमता से मिल सकेंगी। कोषागार चमोली की ओर से इस सुविधा के लिए क्यूआर कोड़ तैयार किया गया है। जिसे स्कैन करते ही कोषागार की कार्य प्रणाली, शासना देश और अन्य सभी जानकारियां आपको मोबाइल पर ही मिल जाएंगी।

मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने बताया कि अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंनशनर्स की सुविधा के लिए क्यूआर कोड़ तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से जहां अधिकारियों को विभागीय आय व्यय की प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी मिल सकेगी। वहीं बिलों के भुगतान, पेंशन आवेदन में आवश्यक दस्तावेजों की भी जानकारी आसानी से मिल सकेंगी। इसके साथ पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण पत्र के ऑनलाइन आवेदन के साथ ही पेंशन संबंधी किसी भी समस्या के निराकरण की जानकारी भी क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन प्राप्त की जा सकेगी। इसके साथ ही वेवसाइड पर गोल्डन कार्ड, एसजीएचएस और एनपीएस संबंधी सभी जानकारियां आसानी से घर बैठे मिल सकेंगी। वेबसाइड पर सोसाइटी और फर्म पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज सहित सभी जानकारियां दी गई हैं। इसके साथ ही विभाग की ओर से सेवा का अधिकार और सूचना का अधिकार की भी वेबसाइड पर जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

### मवेशियों में बुखार से पशुपालक चिंतित

रुद्रप्रयाग : केदारघाटी के ग्राम पंचायत ल्वारा में इन दिनों ग्रमीणों के मवेशी बुखार से ग्रस्त हैं। स्थिति यह है कि बीमार गाय भैंस घास पानी खाना भी छोड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने पशुपालन विभाग से शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। ऊखीमठ ब्लॉक के ल्वारा गांव में बीते दस दिनों से ग्रामीणों की गाय और भैंस बुखार की चपेट में आ गए है। मवेशियों के मुंह मे छाले पड़ गए है। मवेशियों की स्थिति इस तरह हो रही है कि वे न तो घास खा रहे हैं और नही पानी पीने की हालत में है। अपने मवेशियों की हालात देख कर पशु पालक भी चिंतित है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश बगवाड़ी, पशुपालक दरबान सिंह, कुंवर सिंह, अनूप सिंह आदि ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मवेशियों ने घास पानी खाना छोड़ दिया है।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश, रुद्रप्रयाग के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग, श्रीमती पायल सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय इण्टर कॉलेज, जवाडी में 'बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए विधिक जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों के अधिकारों एवं 'बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा' से सम्बंधित कानूनों की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बच्चों की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियों एवं उपचारात्मक कदमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान सचिव ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 सहित अन्य प्रावधानों और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 18 नवम्बर को प्रतिवर्ष इस विशेष दिवस के रूप में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया है। जिसका उद्देश्य बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामलों को रोकना, पीड़ितों को न्याय एवं उपचार दिलाना, समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करना है एवं प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहते हुए बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या शोषण के मामलों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल विधिक सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।

# नशे को मजबूती से ना कहें युवा, साथियों को भी ना'' कहने के लिए करें प्रेरित-सीएम



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से अपील की है कि वो स्वयं भी नशे को पूरी मजबूती के साथ ना कहें, साथ ही अपने साथियों को भी नशे के लिए ना'' कहने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार भी नशे के विरुद्ध इस महाअभियान के अंतर्गत ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई, साथ ही स्कूल कॉलेजों में राज्य स्तर पर आयोजित भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने की बधाई देते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कर्मवीरों के सहयोग से आज समाज नशे की भयावह समस्या से मुकाबला करने में सक्षम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि समाज को भीतर से खोखला करने वाली एक भयावह चुनौती है। ये घातक प्रवृत्ति व्यक्ति की चेतना, विवेक और निर्णय लेने की क्षमता को नष्ट कर उसके पूरे भविष्य को विनाश की ओर ले जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नशे का प्रसार वैश्विक स्तर पर एक 'साइलेंट वॉर' की तरह हो रहा है, जिसका सबसे बड़ा निशाना हमारी युवा शक्ति है।

### अभाविप के सम्मेलन में आएंगे इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में देश के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ मुख्य अतिथि होंगे। वे यहां देशभर से आए विद्यार्थी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। अभाविप का यह राष्ट्रीय अधिवेशन 28 से 30 नवम्बर तक देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित होगा, जिसमें 1500 से अधिक प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में आयोजित अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में डॉ. एस. सोमनाथ विद्यार्थी और प्राध्यापक प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। डॉ. एस. सोमनाथ ने जनवरी 2022 से जनवरी 2025 तक इसरो का नेतृत्व करते हुए भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्रदान कीं। उनके मार्गदर्शन में चंद्रयान–3 की सफल चंद्र लैंडिंग, आदित्य–छ1, एक्सपोसैट, आईएनसैट सहित अनेक महत्वपूर्ण मिशन सफलतापूर्वक पूरे हुए।

# 22 नवंबर को आयोजित होगी डीएलएड प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आगामी 22 नवंबर (शनिवार) को डीएलएड प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों में धारा-163 प्रभावी रहेगी। उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग द्वारा इस बाबत आदेश जारी किया गया है। शनिवार को एकल पाली में (प्रातः 10 से 12:30 बजे) आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा के परीक्षा केंद्रों के बाहर एवं भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं एवं परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिविजन रुद्रप्रयाग के क्षेत्रांतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 प्रभावी रहेगी। उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग भगत सिंह फोनिया ने बताया कि परीक्षा एकल सत्र में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए कुल 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग, राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज अगस्त्यमुनि एवं अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज अगस्त्यमुनि शामिल हैं। उन्होंने परीक्षा अवधि में धारा-163 का अनुपालन करने की अपील करते हुए कहा कि उल्लंघन करने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अगस्त्यमुनि में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए नशामुक्ति पर विभिन्न कार्यक्रम



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मंगलवार को समाज कल्याण विभाग रुद्रप्रयाग के तत्वाधान में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन, अगस्त्यमुनि में नशा–मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर एक भव्य एवं व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि, राबाइका अगस्त्यमुनि, गौरी मेमोरियल इंटर कॉलेज, चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नशा उन्मूलन पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाटक, समूह-गान एवं संदेशात्मक गतिविधियां प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृतसर, पंजाब से लाइव संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें उन्होंने नशा-मुक्त भारत के संकल्प को सामूहिक आंदोलन बनाने की अपील की।

# जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा तकनीक तक पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नई सीटी स्कैन मशीन से गंभीर रोगों के निदान में तेजी आएगी और मरीजों को अब दूरस्थ शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन की स्थापना से न केवल जनपद के हजारों लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि यह स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को नई दिशा भी देगी। राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। आने वाले समय में हम और भी आधुनिक सुविधाएं जनपद में लाने का प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक से लेकर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि प्रत्येक मरीज को समय पर सही उपचार मिल सके। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सीटी स्कैन सेवा शुरू होने से अब मरीजों को उच्च स्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाएँ स्थानीय स्तर पर, कम समय में और कम लागत पर उपलब्ध होंगी। इससे आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेना आसान होगा तथा गंभीर रोगों के प्रारंभिक चरण में पहचान कर उपचार संभव हो सकेगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गढ़वाल मण्डल पौड़ी डॉ. सी.पी. त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# प्रशासन और पत्रकारों के मध्य संवाद आवश्यक



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : 73वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में पत्रकार सम्मान समारोह व पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस दौरान पत्रकारों की ओर से जनपद की विकास योजनाओं को लेकर किए जा रहे विभागीय कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन और पत्रकारों के समन्वय से जनपद के विकास को गति प्रदान की जा सकती है। जिसके लिए प्रशासन और पत्रकारों के मध्य संवाद आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रतिवर्ष गौचर मेले के दौरान जनपद स्तरीय पत्रकार वार्ता का आयोजन कर प्रशासन की ओर से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार राजपाल बिष्ट ने अपनी बात रख वार्ता का शुभारंभ किया। जिसके बाद पत्रकार शेखर रावत ने प्रशासन की ओर से आयोजित होने वाली त्रैमासिक बैठक के नियमित करवाने की बात कही। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने त्रैमासिक बैठक का रोस्टर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वरिष्ठ पत्रकार ललिता प्रसाद लखेड़ा ने आधार कार्ड बनाने में हो रही समस्या के निराकरण को लेकर सुझाव दिया। पत्रकार प्रमोद सेमवाल ने 108 एंबुलेंस वाहनों की स्थिति, खेता मानमति में जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति को लेकर जानकारी ली।

# जल संकट के प्रति जागरूक करने के लिए गंगोत्री से रामेश्वरम तक की पदयात्रा

देहरादून। जन जन को जल संरक्षण का संदेश देने के लिए पर्यावरणविद् रोबिन सिंह के नेतृत्व में छह सदस्यीय दल मां गंगा के पवित्र उद्गम स्थल गंगोत्री धाम से सातवें दिन मसूरी पहुंचा। यह दल मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में रामेश्वर पहुंचेगा जहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर यह जल यात्रा पूर्ण होगी। मसूरी पहंचने पर इटावा उत्तर प्रदेश निवासी पर्यावरणविद रोबिन सिंह ने बताया कि यह ऐतिहासिक पदयात्रा जल संरक्षण एवं जल संवेदनशीलता के संदेश के साथ पूरे देश को जागरूक करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पद यात्रा की शुरुआत मां गंगा के पवित्र उद्गम स्थल गंगोत्री धाम से सात दिन पूर्व पूजा अर्चना,यज्ञ के साथ शुरू की गई व सातवें दिन मसूरी पहुंची। उन्होंने बताया कि उनके साथ सहयोगी राम धीरज सिंह, रागिनी सिंह, रविंद्र सिंह चौहान, पीयूष सिंह व अभिराज सिंह भी यात्रा में शामिल है।

गंगोत्री धाम से रामेश्वरम तक की यह पदयात्रा 3300 किमी की है जो नौ राज्यों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व जल संकट की गंभीर चुनौती से जूझ रहा है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। अगर अभी नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ी को जीवन दायिनी जल के संकट से जूझना पड़ेगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com